# नोट शीट

## मुख्य विकास अधिकारी

महोदय,

दिनांक 04-03-2025 को जल जीवन मिशन के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अधिशासी अभियंता-जल निगम(ग्रामीण), सहायक अभियन्ता सभी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधक तथा डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी उपस्थित रहे। बैठक में जल जीवन मिशन फेज -2 तथा फेज-5 में स्वीकृत परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर दाईं ओर संलग्न है। कृपया हस्ताक्षर करना चाहें।

18/3/25

अधिशासी अभियंता
उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण),
संतकबीरनगर।

मुख्य विकास अधिकारी
संत कबीर नगर
21/3/2025

Scanned with OKEN Scanner

पत्रांक - 351 / m-11 / 02 / 22/03/2025

**दिनांक 04-03-2025 को जल जीवन मिशन के कार्यों में पाइपलाइन बिछाने से संबंधित भूमि /मार्ग विवाद, कार्यस्थल पर पहुँच मार्ग से संबंधित विवाद एवं पेयजल योजना के कार्यों से संबंधित प्रगति की मुख्य विकास अधिकारी, संतकबीरनगर की अध्यक्षता में सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

दिनांक 04-03-2025 को जल जीवन मिशन फेज-2 एवं फेज-5 से संबंधित विभिन्न पेयजल योजनाओं पर जल जीवन मिशन के कार्यों में पाइपलाइन बिछाने से संबंधित, भूमि /मार्ग विवाद, कार्यस्थल पर पहुँच मार्ग से संबंधित विवाद व पेयजल योजनाओं के कार्यों से संबंधित प्रगति की समीक्षा बैठक अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में की गई। जिसमें निम्न अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे-

1. श्री संजय जायसवाल,अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), संतकबीरनगर।
2. श्री अभिषेक पाण्डेय, एवं श्री जे0एन0 यादव, सहायक अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), संतकबीरनगर
3. श्री हरि प्रसाद शर्मा, **AGM,** मेघा इंजी0 एण्ड इंफ्रा0लि0, संतकबीरनगर।
4. श्री अभिषेक सिंह, **DPM,** जैक्शन विश्वराज (जे0वी0), संतकबीरनगर।
5. श्री वृजेश सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0आई0, संतकबीरनगर।
6. श्री ओम प्रकाश, डी0सी0डी0पी0एम0यू0, संतकबीरनगर।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों की धीमी प्रगति के दृष्टिगत कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर से कम्पोनेंटवार जनपद में निर्माणाधीन जल जीवन मिशन से संबंधित पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा निम्नानुसार की गई। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

**कार्यदायी फर्म (मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०, हैदराबाद)**

- ❖ जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मेघा इंजीनियरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर लि, हैदराबाद को फेज-2 के अन्तर्गत कुल 449 राजस्व ग्रामों का कार्य आवंटित किया गया, जिसको सम्मलित करते हुए 171 DPR के माध्यम से संतृप्त किया जाना था। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 171 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है।
- ❖ मेघा इंजीनियरिंग के AGM द्वारा 171 में से 140 पेयजल योजनाओं पर निरन्तर सप्लाई दिया जा रहा है कि बात बताई गई। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को 140 पेयजल योजनाओं का सत्यापन कराने हेतु निर्देश दिये गये।
- ❖ मेघा के ए0जी0एम0 ने बताया कि शेष 05 पम्प हाऊस पर कार्य चालू है। भूमि विवाद के कारण शेष 06 पम्प हाऊस पर कार्य अनारम्भ है। जिसे दो सप्ताह में उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए भूमि विवाद प्रकरण निस्तारित कराकर कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा।
- ❖ मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा ओवरहेड टैंक से संबंधित धीमी प्रगति को लेकर काफी नाराजगी व्यक्त की गई। मेघा के AGM द्वारा बताया गया कि 171 ओवरहेड टैंक में से जिसमें 55 ओवरहेड टैंक पूर्ण कर लिया गया है। परन्तु 17 योजनाओं पर ओवरहेड टैंक से सप्लाई दी जा रही है। शेष 38 योजनाओं पर DI Pipe की फीटिंग आ गई है। एक माह में 55 ओवरहेड टैंक से सप्लाई दी जायेगी।
- ❖ मेघा के AGM द्वारा बताया गया कि 23 ओवरहेड टैंक का Half Staging तक, 18 ओवरहेड टैंक का Full Staging तक, 22 ओवरहेड टैंक का कार्य Slab Level तक पूर्ण कर लिया गया है। फर्म प्रतिनिधि द्वारा यह भी बताया गया कि कुल 63 नग ओवरहेड टैंक का कार्य माह 15 मई 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।
- ❖ परियोजनाओं की कम्पोनन्ट-वार प्रगति निम्नानुसार है-

Scanned with OKEN Scanner

| S.No. | COMPONENT | UOM | Balance Target | Actual Feb'25 | | Plan | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achieved | Mar'25 | Apr'25 | May'25 | Jun'25 |
| 1 | TUBEWELL | Nos. | 0 | | | | | | |
| 2 | PUMP HOUSE | Nos. | 11 | 5 | 2 | 8 | 3 | | |
| 3 | PIPELINE | KM | 47 | 5 | 3 | 10 | 10 | 10 | 17 |
| 4 | OVERHEAD TANK | Nos. | 116 | 10 | 7 | 20 | 30 | 30 | 36 |
| 5 | HOUSE CONNECTION | Nos. | 13130 | 1000 | 100 | 1500 | 2500 | 3500 | 5630 |
| | | | | | | | | | |
| A | Direct Water Supply (By Pumping) | Scheme | 31 | 10 | 2 | 10 | 21 | | |
| B | 100 % Commissioning | Scheme | 154 | 10 | 2 | 20 | 30 | 40 | 64 |

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि उचित मैनपावर बढ़ाते हुए ओवरहेड टैंक का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करायें एवं योजना के निर्माण में जो भी सामाग्री फर्म द्वारा प्रयोग कराई जाये, उस सामाग्री का Proper Testing कराकर ही प्रयोग करें, जिससे कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित न हो।

**कार्यदायी फर्म (जैक्सन-विश्वराज जे०वी०, नई दिल्ली)**

- कार्यदायी फर्म जैक्शन विश्वराज के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि 10 नग योजनाओं पर बिजली विभाग से संबंधित तार सिफ्टिंग का कार्य कराया जाना है। जिसमें 04 नग योजनाओं का विद्युत विभाग द्वारा दिये गये प्राक्कलन के सापेक्ष फर्म द्वारा भुगतान कर दिया गया है। परन्तु विद्युत विभाग द्वारा सिफ्टिंग का कार्य नही कराया गया है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा उनके स्तर से पत्राचार हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया।
- कार्यदायी फर्म जैक्शन विश्वराज के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया 343 पम्प हाऊस में से 241 पम्प हाऊस कम्पलीट कर लिये गये है 14 पम्प हाऊस पर कार्य प्रगति पर है तथा 58 पम्प हाऊस पर कार्य भूमि विवाद के कारण कार्य अनारम्भ है। जिसे दो सप्ताह में उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए भूमि विवाद प्रकरण निस्तारित कराकर अप्रैल 2025 तक सभी पम्प हाऊस का कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा।
- जैक्शन विश्वराज के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि 64 पर योजनाओं पर डारेक्ट सोलर के माध्यम से सप्लाई दी जा रही है 30 मार्च 2025 तक कुल 94 योजनाओं पर डारेक्ट सोलर के माध्यम से सप्लाई दी जायेगी।
- 10 ओवरहेड टैंक के माध्यम से समस्त ग्रामवासियों को पेयजल सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इस माह के अंत तक 07 और ओवरहेड टैंक पूर्ण कर लिये जायेगें।

Scanned with OKEN Scanner

परियोजनाओं की कम्पोनन्ट-वार प्रगति निम्नानुसार है-

| S.No. | COMPONENT | UOM | Balance Target | Actual Feb'25 | | Plan | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achieved | Mar'25 | Apr'25 | May'25 | June'25 |
| 1 | TUBEWELL | Nos. | 8 | 8 | 0 | | | | |
| 2 | PUMP HOUSE | Nos. | 58 | 22 | 2 | 20 | 16 | | |
| 3 | PIPELINE | KM | 610 | 120 | 36 | 260 | 230 | | |
| 4 | OVERHEAD TANK | Nos. | 108 | 27 | 2 | 28 | 28 | 25 | |
| 5 | HOUSE CONNECTION | Nos. | 33563 | 7000 | 3412 | 8000 | 8500 | 10063 | |
| A | Direct Water Supply (By Pumping) | Scheme | 226 | 32 | 0 | 48 | 48 | 60 | 38 |
| B | 100 % Commissioning | Scheme | 280 | 6 | 0 | 10 | 10 | 10 | 10 |

अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्राम पंचायत द्वारा अनुरक्षणाधीन योजनाओं की समीक्षा में 10 योजनाओं एवं जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अनुरक्षण की जा रही है 09 योजनाओं क्रियाशील न होने के कारण उन्हें शीघ्र क्रियाशील कराने के लिए अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया तथा शेष निर्माणाधीन योजनाओं का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

क्रियाशील न होने से उन्हें शीघ्र क्रियाशील कराने के निर्देश दिये गये तथा कार्यो की धीमी प्रगति को देखते हुये मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दोनों कार्यदायी फर्मों को मैनपावर बढ़ाकर तीव्रगति से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

(जंयकेश त्रिपाठी)
मुख्य विकास अधिकारी
संत कबीर नगर

**कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, संतकबीरनगर।**

पत्रांक- / / दिनांक-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. मंडलायुक्त, बस्ती मण्डल को सादर अवलोकनार्थ।
2. जिलाधिकारी, संत कबीर नगर को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी अभियंता, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण), संतकबीरनगर।
4. पी०एम०, मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०।
5. पी०एम०, जैक्सन-विश्वराज (जे०वी०)।
6. डी०सी०, डी०पी०एम०यू०, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।
7. डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।

मुख्य विकास अधिकारी
संत कबीर नगर
21/3/2025

Scanned with OKEN Scanner